卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 223 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦24 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## उच्च न्यायालय स्थानांतरण के आदेश पर रोक

नई दिल्ली/नैनीताल(उद संवाददाता)। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को नैनीताल से स्थानांतरित करने के हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। मामले में पक्षकारों को नोटिस जारी किया गया है। बता दें हाईकोर्ट ने 8 मई को उत्तराखण्ड हाईकोर्ट को अन्यत्र स्थानांतरित किये जाने के लिए उपयुक्त जगह चिन्हित करने का आदेश दिया था। जिसके खिलाफ अधिवक्ताओं के साथ ही अन्य संगठन भी मुखर हो गये थे। उत्तराखंड उच्च न्यायालय (शेष पृष्ठ 7 पर)

# दूसरे दिन भी जांच में जुटी रही आयकर की टीम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के फर्नीचर व्यवसायी गुलशन नारंग, उनके पुत्र रौनिक नारंग और पार्टनर सौरभ गावा को व्यापारी और उनके परिवारजनों से नहीं मिलने दिया गया। बता दें लखनऊ से आयकर विभाग की टीम बृहस्पतिवार



के प्रतिष्ठान और घरों में छापेमारी दूसरे दिन भी जारी रही। छापेमारी के दौरान पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान किसी सुबह 12 वाहनों में यहां पहुंची। टीमों ने गल्ला मण्डी स्थित गुलशन नारंग के नारंग फर्नीचर (शेष पृष्ठ सात पर)

## रौनिक के पार्टनर सौरभ का मकान किया सील

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लखनऊ से आई आयकर विभाग की टीम ने आज व्यापारी रौनिक नारंग के बिजनेस पार्टनर





सौरभ गाबा के एलायंस कालोनी स्थित मकान को सील कर दिया। गौरतलब हो कि गत दिवस आयकर की टीम द्वारा गुलशन नारंग व उसके कारोबारी पुत्र रौनिक नारंग के प्रतिष्ठान व आवासों पर औचक दबिश दी गई थी। इस दौरान रौनिक नारंग के पार्टनर सौरभ गाबा के एलायंस कालोनी स्थित मकान पर भी टीम सर्वे के लिए गई थी। जहां परिवार के किसी भी सदस्य के न मिलने पर टीम द्वारा उसके मकान को सील (शेष पृष्ठ सात पर)

# इनकम टैक्स की छापेमारी का विरोध, बाजार बंद

## व्यापार मण्डल के आहवान पर आधे दिन बंद रहा बाजार, भाजपा, कांग्रेस के नेता भी समर्थन में आये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लखनऊ से आई आयकर विभाग की टीम द्वारा व्यापारी गुलशन नारंग व उनके पुत्र सहित पार्टनर के प्रतिष्ठान व आवास पर की जा रही छापेमारी दूसरे दिन भी जारी रही। छापेमारी के दौरान परिवार के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए व्यापारियों ने शुक्रवार को आधा दिन बाजार बंद रखा। बाजार बंद का विधायक शिव अरोरा, किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा सहित भाजपा कांग्रेस के तमाम नेताओं ने भी समर्थन करते हुए नाराजगी व्यक्त की। बता दें आयकर विभाग की टीम ने लाव लस्कर के साथ बृहस्पतिवार प्रातः व्यापारी एवं कांग्रेस नेता गुलशन नारंग, उनके पुत्र रौनिक नारंग पुत्र के पार्टनर सौरभ गावा के प्रतिष्ठान एवं घरों में छापेमारी शुरू की थी। छापे की कार्रवाई शुक्रवार को भी जारी रही। जांच में जुटी आयकर विभाग की टीम ने छापे की कार्रवाई के दौरान व्यापारी और उनके





परिवार को न तो बाहर जाने दिया और न हीं किसी को उनसे मिलने की इजाजत दी गयी। यहां तक कि शौच के लिए भी व्यापारी नारंग बाहर आये तो उनके साथ सुरक्षा कर्मी रहा। आयकर विभाग के इस व्यवहार से शहर के व्यापारी नाराज हो गये। इसके विरोध में व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने शुक्रवार दोपहर तक बाजार बंद रखने का ऐलान किया था जिसके तहत दोपहर एक बजे तक मुख्य बाजार की दुकानें बंद रही। इस बीच व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा व देवभूमि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह की अगुआई में तमाम व्यापारी भगत सिंह चौक के पास एकत्रित हुए। जहां से सभी रवाना होकर बाजार में खुली दुकानों को बंद करने के लिए दुकानदारों से आग्रह करने लगे। बावजूद इसके बाजार में विधवानी मार्केट, मुख्य बाजार, प्रताप मार्केट, गुड़ मंडी, काशीपुर बाईपास रोड़ आदि में कई प्रतिष्ठान पूरी तरह से खुले रहे। जबकि अधिकाशं दुकानें बंद रहीं। व्यापारियों के विरोध का समर्थन करने के लिए विधायक शिव अरोरा, किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़,पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, पूर्व मेयर रामपाल सिंह समेत भाजपा कांग्रेस के तमाम नेता भी मौके पर पहुंच गये। सभी ने आयकर विभाग की टीम के व्यवहार पर आपत्ति जताई। इस दौरान भाजपा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कार्रवाई के नाम पर नारंग परिवार और उनके पार्टनरों का उतपीड़न निंदनीय है। उन्होंने कहा कि परिवार छापे की कार्रवाई के बाद से ही आयकर विभाग को पूरा सहयोग कर रहा है लेकिन उसके बावजूद उनके साथ अपराधियों जैसा सलूक किया जा रहा है, यह सरासन अन्याय है। इस दौरान विरोध कर रहे (शेष पृष्ठ सात पर)

## नदारद रहे महामंत्री और कोषाध्यक्ष

रूद्रपुर। व्यापारी उत्पीड़न के खिलाफ दोपहर एक बजे तक बंद की घोषणा को लेकर आज जहां नगर के तमाम व्यापारी नेताओं ने बाजार बंद कराने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई तो वहीं दूसरी ओर आन्दोलन के दौरान व्यापार मंडल के निर्वाचित महामंत्री मनोज छावड़ा व कोषाध्यक्ष संदीप राव नदारद रहे। जो व्यापारियों में चर्चा का विषय बना रहा। उधर इस व्यापारी हित से जुड़े मुद्दे को लेकर व्यापार मंडल के स्थानीय जिला व प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों की गैरमौजूदगी भी व्यापारियों के गले नहीं उतर रही थी। वहीं व्यापार मण्डल के आहवान के बावजूद कुछ दुकानें खुली रही।







## बंधक नही बनाया स्वामी से जानकारी ले रहे है अधिकारीः शिव अरोरा

रूद्रपुर। नारंग परिवार के प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग की टीम द्वारा की



गई छापेमारी कार्रवाई पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि वह व्यापारियों के साथ है और आयकर विभाग की टीम द्वारा किसी को बंधक नही बनाया गया है। श्री अरोरा ने कहा कि सर्च एण्ड सीजर एक कानूनी कार्रवाई होती है, इस दौरान सम्बंधित व्यक्ति को बंधक नही बल्कि टीम द्वारा उसे अपनी निगरानी में रखा जाता है। श्री अरोरा ने कहा कि वह व्यापारी गुलशन नारंग और उनके परिजनों से कल भी मिले था और आज भी मिले हूॅ। उनके द्वारा किसी भी उत्पीड़न की बात नही कही,बल्कि वह स्वयं टीम (शेष पृष्ठ सात पर)

## षडयंत्र के तहत पड़ा आयकर विभाग का छापाः ठुकराल

रूद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि नारंग बंधुओ के



प्रतिष्ठान पर षडयंत्र के तहत आयकर विभाग का छापा पड़ा है। श्री ठुकराल ने कहा कि वह बाल्यकाल से ही नारंग परिवार से परिचित है और एक लम्बे संघर्ष के पश्चात गुलशन नारंग और उनके पुत्र रौनिक नारंग ने व्यापार स्थापित किये है। श्री ठुकराल ने अंदेशा जताया है कि नारंग परिवार के खिलाफ किसी ने साजिश करते हुये उनके प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग का छापा डलवाया गया है। श्री ठुकराल ने कहा कि वह व्यापारियों के साथ खड़े है और किसी भी व्यापारी का वह अनावश्यक उत्पीड़न नही होने देंगे।

## बैंक में रखा सोना बेचने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बैकं में गिरवी रखा सोना बेचने के नाम पर गुणवत्ता छिपाकर लाखों रूपयों की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में शान्तन रस्तोगी पुत्र संजीव रस्तोगी निवासी गली नम्बर 5 इन्द्रा कालोनी ने कहा है कि उसकी मैन मार्केट मछली बाजार ट्रांजिट कैम्प में प्रियंका ज्वैलर्स नाम की दुकान है। मूथूट फीन काँप आवास विकास रुद्रपुर शाखा मैनेजर विवेक चौधरी ने उसे फोन कर बताया कि गजेन्द्र सिंह पुत्र कान्ता प्रसाद यादव निवासी वार्ड 3 जवाहर नगर, डौली रेंज नैनीताल ने बैंक में अपना सोना 111.8 ग्राम रखा है। जो तीन वर्ष से छुड़ा नही पा रहा है। आप खरीद लो सोने की गुणवत्ता मूथूट फीनकाँप ब्रान्च आवास विकास रुद्रपुर द्वारा 22 कैरट (शेष पृष्ठ सात पर)

# लाईन में लगे श्रद्धालुओं से बातचीत कर एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

## केदारनाथ में अचानक मौसम बिगड़े तो पैदल पड़ावों पर दें सूचना : एसपी



रूद्रप्रयाग। पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने केदारनाथ पहुंकर यहां सुरक्षा व्यवस्था को परखा। गुरुवार को एसपी ने कहा पुलिस कर्मियों को कहा कि तीर्थयात्रियों से सौम्य व्यवहार किया जाए। एसपी ने लाइन में लगे तीर्थयात्रियों से बातचीत की। इसी बीच उन्होंने प्रत्येक प्वाइंट पर ड्यूटीरत पुलिस बल से भी बात की। मन्दिर परिसर में दर्शन के लिए कतारबद्ध व्यवस्था में ही दर्शन कराने को कहा। कहा कि मौसम में अचानक हो रहे परिवर्तन के कारण हो रही बारिश की सूचना तत्काल नीचे के पैदल पड़ावों को दी जाए ताकि उनके स्तर से तीर्थयात्रियों को इसकी जानकारी दी जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा चलाए गए ऑपरेशन मुस्कान में निरंतर कार्य हो रहा है। केदारनाथ धाम सहित पैदल मार्ग में बिछड़ने वाले श्रद्धालुओं व परिजनों से संबंध में मंदिर परिसर सहित पीए सिस्टम के माध्यम से अनाउंसमेंट कर मदद की जा रही है। जबकि खोया पाया केंद्रों को और भी मजबूत किया गया है। एसडीआरएफ व एनडीआरएफ के बीच बेहतर समन्वय रखा जाए। यात्रा व्यवस्थाओं के संचालन में किसी भी तरह की समस्या आने पर तत्कालन अधिकारियों को सूचित करने को कहा। इस दौरान एसपी ने मन्दिर दर्शन हेतु आ रहे श्रद्धालुओं हेतु बनी लाइन व्यवस्था का जायजा लिया व प्रत्येक प्वान्ट पर ड्यूटीरत पुलिस बल से संवाद स्थापित किया गया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि केदारनाथ धाम पहुंच रहे श्रद्धालुओं के साथ मधुर एवं सौम्य व्यवहार कर, मन्दिर परिसर मे दर्शन हेतु कतारबद्ध करवाते हुए सुगम तरीके से मन्दिर दर्शन करवाये जायें। मौसम में अचानक हो रहे परिवर्तन के कारण हो रही बारिश की सूचना तत्काल नीचे के पैदल पड़ावों को दी जाये, ताकि उनके स्तर से श्रद्धालुओं को इस सम्बन्ध में जागरुक किया जा सके। पुलिस द्वारा चलाये गये ऑपरेशन मुस्कान के तहत निरन्तर कार्य किये जायें, केदारनाथ धाम सहित पैदल मार्ग में बिछड़ने वाले श्रद्धालुओं व परिजनों के सम्बन्ध में मन्दिर परिसर सहित पी0ए0 सिस्टम के माध्यम से अनाउंसमेंट कर मिलवाया जाये व सभी खोया-पाया केन्द्रों को और सशक्त किया जाये।सभी सुपर जोन, जोन व सेक्टर प्रभारियों के साथ-साथ एसडीआरएफ व एनडीआरएफ के मध्य निरन्तर उचित समन्वय बनाए रखा जाए। यात्रा व्यवस्थाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल उनके संज्ञान में लाते हुए उचित निस्तारण कराया जाये।यहाँ तक पहुंचे श्रद्धालुओं द्वारा मदद मांगे जाने पर आवश्यक मदद की जाये। स्थानीय स्तर धाम की पवित्रता व मर्यादा बनाये रखने की निरन्तर अपील की जाये, मन्दिर परिसर के 50 मीटर के दायरे में वीडियोग्राफी व सोशल मीडिया रील्स इत्यादि बनाने वालों तथा धाम सहित यात्रा मार्ग पर नशीले व तम्बाकू उत्पादों का सेवन करने वालों, हुड़दंग मचाने वालों पर ऑपरेशन मर्यादा के तहत वैधानिक कार्यवाही की जाये। अपने कर्तव्य निर्वहन के साथ साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जाये।इसके अतिरिक्त उनके द्वारा केदारनाथ धाम पहुंचे श्रद्धालुओं व छोटे बच्चों से संवाद स्थापित कर उनके अनुभवों को जाना गया।

## केदारनाथ धाम में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग,6 यात्री थे सवार

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम में एक बार फिर हेलीकॉप्टर हादसा हादास हुआ है। धाम को दर्शन को जा रहे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। हादसे के वक्त दर्शन को जाने के लिए 6 यात्री सवार थे। हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग शुक्रवार सुबह 7 बजे हुई है। केदारनाथ धाम में क्रिस्टल एविएशन के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। दुर्घटना होने से बचने के लिए पायलट ने हेलीकॉप्टर की केदारनाथ हेलीपैड से 100 मीटर पहले ही इमरजेंसी लैंडिंग कराई। हेलीकॉप्टर शेरसी हेलीपैड से केदारनाथ धाम के लिए उड़ा था। हेलीकॉप्टर में पायलट सहित छह यात्री सवार थे। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर में तकनीक खराबी आने से यह दिक्कत हुई।



पायलट की सूझबूझ से बड़ी दुर्घटना होने से बची। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि सुबह 7 बजे करीब हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आई थी। जिसकी वजह से हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। सभी यात्री सुरक्षित बच गए हैं। जबकि हेलीकॉप्टर को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। सभी यात्रियों को मौके से केदारनाथ हेलीपैड पर ले जाया गया।

## यात्री सुविधाओं व सफाई व्यवस्था को लेकर निरंतर निगरानी रखने के निर्देश

उत्तरकाशी। जिलाधिकारी उत्तरकाशी डॉ.मेहरबान सिंह बिष्ट ने आज गंगोत्री यात्रा मार्ग पर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही हर्षिल में अधिकारियों की बैठक लेकर यात्रा से जुड़े इंतजामों को चाक-चौबंद बनाये रखने व तीर्थ यात्रियों की सहायता व सुविधा के लिए तत्परता से जुटे रहने के



निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने धामों व यात्रा पडावों पर यात्री सुविधाओं व सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निरंतर निगरानी रखने व नियमित रिपोर्ट देने की हिदायत दी है। जिलाधिकारी ने कहा कि यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाये रखने के लिये सभी विभाग व संगठन समन्वय बना कर कार्य करें। जिलाधिकारी ने हर्षिल में सीमांत क्षेत्र के ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों के साथ भी बैठक कर वाइब्रेंट विलेज के विकास से संबंधित मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी जयकिशन, उप जिलाधिकारी बृजेश कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## केदारनाथ यात्र मार्ग पर खाद्य सुरक्षा टीम ने किया 13 दुकानों का चालान

रूद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं को शुद्ध एवं मानकों के मुताबिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। जिला खाद्य सुरक्षा एवं बाट माप विभाग यात्रा मार्ग पर लगातार निरीक्षण एवं चालान की कार्रवाई कर रहे हैं। फाटा से सोनप्रयाग के बीच जिला खाद्य सुरक्षा एवं बाट माप विभाग की टीम ने 13 प्रतिष्ठानों के चालान किए। जबकि कई दुकानों पर रेट लिस्ट भी चस्पा कारवाई। जिला अभिहित अधिकारी मनोज सेमवाल एवं वरिष्ठ बाट



माप निरीक्षक जगदीश सिंह के नेतृत्व में जिला खाद्य सुरक्षा एवं बाट माप विभाग ने यात्रा मार्ग पर फाटा, रामपुर, सीतापुर में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जिला अभिहित अधिकारी रुद्रप्रयाग मनोज सेमवाल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान 05 दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया। साथ ही रेट लिस्ट की जाँच की गई एवं प्रतिष्ठानों पर मौके पर रेट चस्पा कराये गए। वरिष्ठ बाट माप निरीक्षक जगदीश सिंह ने बताया कि 08 दुकानों में ओवररेटिंग पर चालान कर 7500 का जुर्माना वसूला गया।





## फर्जी रजिस्ट्रेशन करने वाली ट्रेवल एजेंसी का संचालक किया गिरफ्तार

हरिद्वार। कोतवाली पुलिस ने चारधाम यात्रा का फर्जी रजिस्ट्रेशन करने वाली ट्रेवल एजेंसी के संचालक अंकुश को हरिद्वार से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने महाराष्ट्र के 30 सदस्यीय दल को दो धामों के ऑनलाइन फर्जी रजिस्ट्रेशन उपलब्ध कराए थे। उसके खिलाफ पीड़ित यात्रियों ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। 22 मई को वाहनों की चेकिंग के दौरान महाराष्ट्र के 30 सदस्यीय यात्री दल के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फर्जी पाए गए थे। यात्रियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में तारीखों में कूट रचनाकर बदला गया था। पूछताछ करने पर यात्रियों ने बताया कि उन्होंने हरिद्वार स्थित कोनार्क ट्रेवल्स से 21 से 30 मई तक दो धामों की यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया था।

## वन विकास निगम में करोड़ों के घपले में दो कर्मचारी निलंबित

देहरादून। उत्तराखंड राज्य वन विकास निगम के लालकुआं डिपो चार और पांच में करोड़ों के घपले का मामला 16 मई को अमर उजाला में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद निगम ने डिपो के दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया, जबकि वन मुख्यालय ने प्रभागीय विक्रय प्रबंधक को आरोपपत्र दिया है। वन विकास निगम की विशेष ऑडिट रिपोर्ट में लकड़ी की अवैध निकासी, गबन और वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया था। रिपोर्ट में कहा गया कि अभिलेखों की जांच के दौरान पाया गया कि लेजर तैयार करने में नियमों का पालन नहीं हुआ। यह भी पाया गया कि लाट का मूल्य जीएसटी की खतौनी में लाट संख्या का उल्लेख नहीं है। क्रेताओं के खातों में दिखाई गई 27 लाख से अधिक की क्रेडिट धनराशि का समायोजन नहीं किया गया। नीलामी में जिस लॉट को 26,800 रुपये में बेचा गया, वह मास्टर कॉपी में यह धनराशि दर्ज है, लेकिन विक्रय लॉट रजिस्टर में फ्लूड लगाकर ओवरराइटिंग करते हुए विक्रय मूल्य कम दिखाकर निगम को क्षति पहुंचाई गई। ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक, इसके अलावा भी कई अन्य गड़बड़ी पकड़ में आई। महाप्रबंधक कुमाऊं मंडल महेश आर्या ने कहा, मामले में जो लोग सीधे तौर पर जिम्मेदार थे, उन्हें निलंबित कर दिया गया है। लेखाकार नरेश कुमार और स्केलर नीरज गुणवंत को निलंबित कर वन विकास निगम के खनन नंधौर से संबद्ध किया गया है।

## हल्द्वानी की जेल से शिफ्ट होंगे बनभूलपुरा हिंसा कांड के आरोपी


हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बनभूलपुरा क्षेत्र में हुई हिंसा और उपद्रव्य कांड के आरोपियों में से मुख्य आरोपियों को हल्द्वानी जेल से दूसरी जेल भेजा जा सकता है। बताया जा रहा है कि पुलिस को खुपिया इनपुट मिले हैं। जिसमें बताया गया है कि इनके हल्द्वानी जेल में रहने से जेल और हल्द्वानी की शांति में प्रभाव पड़ सकता है। उधर हल्द्वानी जेल बनभूलपुरा से नजदीक होने के कारण यहां मिलने वालों का तांता लगा रहता है। बनभूलपुरा हिंसा को तीन माह से अधिक समय गुजर चुका है और इस हिंसा के आरोप में अब तक 107 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इन बंदियों को नैनीताल जिला कारागार और हल्द्वानी उप कारागार में रखा गया है। इसमें से अधिकांश हल्द्वानी जेल में ही हैं। हल्द्वानी जेल बनभूलपुरा से नजदीक होने के कारण यहां इनसे मिलने वाले भी अधिक आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार पुलिस के हाथ जानकारी लगी है। इसमें पुलिस को इनपुट मिले हैं। जिसमें कहा गया है कि बनभूलपुरा से नजदीक होने के कारण हल्द्वानी जेल में इन आरोपियों से मिलने के लिए लंबी लाइन लग रही है। इससे एक ओर जेल की शांति भंग हो रही है। दूसरी ओर जेल को भी खतरा हो सकता है। कोई घटना घटने से हल्द्वानी में दोबारा महौल बिगड़ सकता है। पुलिस को इनपुट मिलने के बाद एसएसपी ने इनपुट की जांच करने के लिए एक टीम लगाई। पुलिस की जांच में अगर इनपुट सही पाए जाते हैं तो इन्हें दूसरी जेल में भेजा जाएगा।

## ट्रक नदी में गिरने से एक की मौत, दो घायल

रूद्रप्रयाग (उद संवाददाता)। चारधाम यात्रा के बीच सड़ हादसों का सिलसिल जारी है। देर रात्रि एक ट्रक अनियंत्रित होकर नदी में गिर गया। हादसे में एक की मौत हो गयी जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। एसडीआरएफ को देर रात सूचना मिली कि तिलवाड़ा मार्ग पर लाटा बाबा गेस्ट हाउस के पास एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होकर नदी में गिर गया है। सूचना पर पोस्ट अगस्त्यमुनि से एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। जहां पर ट्रक संख्या यूके 14सीए 5030 अनियंत्रित होकर नदी में गिर गया था। ट्रक में में 3 लोग सवार थे जिनमे से 2 घायलों को स्थानीय पुलिस व लोगों द्वारा निकाल कर अस्पताल भिजवा दिया गया था जबकि एक व्यक्ति ट्रक में ही था। रेस्क्यू टीम ने घटनास्थल पर पहुँचकर रोप की सहायता से लगभग 100 मीटर गहरी खाई में उतरकर वाहन तक पहुँच बनाई। वाहन में सवार व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो चुकी थी। टीम ने शव को कड़ी मशक्कत करते हुए मुख्य मार्ग तक पहुँचाकर जिला पुलिस के सुपर्द किया गया। मृतक युव का नाम सूरज बताया जा रहा है। जबकि घायलों में 18 वर्षीय विशाल पुत्र गगन निवासी पीपलकोटी, चमोली, 21 वर्षीय सुरेंद्र पुत्र प्रेम सिंह निवासी नारायण बगड़ चमोली शामिल हैं।




## श्रद्धांजलि



आपको अति दु:खद हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पूज्य पति **श्री विजय कुमार तिवारी** दिनांक 14 मई 2024 को अपनी सांसारिक यात्रा सम्पूर्ण कर प्रभु के चरणों में विलीन हो गए हैं। **पीपलपानी** शनिवार, 25 मई 2024 भोग दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक हमारे निवास स्थान रामपुर रोड गली न.7, हल्द्वानी में होगा।

**शोकाकुल परिवार**

श्रीमती निर्मला तिवारी (पत्नी),भूपेश तिवारी (पुत्र)
एवं समस्त तिवारी परिवार

# ऑटो चालक पर किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल क्षेत्र में सवारी लेकर जा रहे एक आटो चालक पर नशे की हालत में एक अन्य आटो चालक ने लोहे की रॉड से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में ऋषिपाल पुत्र बुद्धपाल निवासी गली 5, जगतपुरा, वार्ड 39, ने कहा है कि वह सिडकुल से रूद्रपुर तक अपना ऑटो चलाता हैं। 28 अप्रैल को सायं अपने ऑटो में सिडकुल से रूद्रपुर सवारी लेकर आ रहा था । रास्ते में एक अन्य ऑटो चालक राजबाबू पुत्र विहारी लाल निवासी गोल मडईया, राजा कालोनी वार्ड 10 ने नशे में उसको रोककर झगड़ा व हाथापायी करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा। ऋषिपाल का आरोप है कि राजबाबू ने अपने ऑटो में रखी लोहे की रॉड से उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया।




# संपूर्ण विश्व की माँ है गौ माता

## श्री हरि चैतन्यपुरी ने गौशाला में गौ सेवा कर मनाया जन्मदिन

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री हरि चैतन्य महाप्रभु जी का अग्रिम रूप से पावन जन्मोत्सव श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट रामनगर एवं राधा कृष्ण गौशाला में धूमधाम से गौ सेवा करके मनाया गया। गौशाला के अध्यक्ष भागीरथ चौधरी, पूर्व पालिका अध्यक्ष उषा चौधरी, विधायक दीवान सिंह बिष्ट एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गौशाला में पधारने पर श्री महाराज जी का भव्य स्वागत किया एंव श्री महाराज जी का पावन जन्मोत्सव अग्रिम रूप से गऊ पूजन, गऊ सेवा एंव गायों की आरती उतारकर धूमधाम से मनाया। श्री महाराज ने इस अवसर पर उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि गऊ माता सारे विश्व की माँ है। पतितों को भी पावन करने वाली इसके रोम रोम में देवों का निवास है। ऐसी गऊ माता के दर्शन व सेवा, पुण्य देने वाली व मुक्ति प्रदान करने वाली,परमात्मा भी अवतार लेकर श्री राम, श्री कृष्ण इत्यादि रूप में पूजा करके महिमा को प्रतिष्ठापित करते हैं उस गाय की आज हो रही दुर्दशा व गऊ हत्या निंदनीय एंव शर्मनाक अपराध है। जिस पर रोक लगनी चाहिए व उसे माँ का दर्जा दिलाने के लिए संकल्प बध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गंगा, गाय, गीता, गायत्री, गोविंद ये पांचों भारतीय संस्कृति की महान धरोहर है। अन्य देशों के विचारकों ने भी इसको स्वीकार किया है और वह उसे अपनाने का प्रयास कर रहे हैं, परंतु हम भारतवासी सहज में प्राप्त इन सभी का महत्व ना समझकर इनके लाभ से वंचित रह रहे हैं। यदि हम पाँच में से किसी एक की भी शरण ले लें तो मानव का कल्याण सुनिश्चित है।विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने श्री महाराज जी का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति का पूरे विश्व में डंका बजाने वाले श्री महाराज जी हमारे राष्ट्र के गौरव हैं। उनका आगमन व मार्गदर्शन हमारा परम सौभाग्य है। पूर्व पालिका अध्यक्ष एंव गौशाला के अध्यक्ष भागीरथ चौधरी ने भाव विभोर होकर सभी को श्री महाराज जी के पावन जन्मोत्सव की बधाई दी व अपना प्रेरणा स्त्रोत बताया हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक व समाज सेवा के कार्य ऐसे दिव्य संतों की प्रेरणा से ही कर पाते हैं। गौशाला में ही स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में भी श्री महाराज जी ने पूजन व आरती की। श्री महाराज जी की आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।



# जीवन को यज्ञमय बनाने से ही मिलता है सुख: डॉ वेदपाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।आर्य समाज हल्द्वानी के 133वें वार्षिकोत्सव का प्रारम्भ प्रात:कालीन यज्ञ के साथ हुआ। यज्ञ के ब्रह्मा वैदिक विद्वान अजमेर से पधारे डॉ. वेदपाल आचार्य ने कहा कि संसार के सभी प्राणी सुख चाहते हैं और सुख की कामना से ही कर्म व व्यवहार करते हैं. परंतु साथ में दुख भी मिलते हैं। इनका कारण क्या है? इनका एक ही कारण है कि मनुष्य मन में कुछ सोचता है वाणी में कुछ लाता है और कर्म में कुछ और ही करता है। इस कारण से उसका यज्ञमय जीवन नहीं बनता जीवन यज्ञमय बन जाने पर स्वाहा की भावना का विकास होता है, और जो स्वाहा यज्ञ की आत्मा है वह मनुष्य को मनसा वाचा कर्मणा एक जैसा बनाती है। आज हम बड़े-बड़े यज्ञ तो करते हैं परंतु जीवन को यज्ञमय नहीं बना पाए, यही कारण है की चाहते हुए भी सुख नहीं मिलता और ना चाहते हुए भी दुख मिलते हैं। आचार्य वेदपाल ने वेद मंत्र के माध्यम से जीवन को यज्ञमय बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर अमृतसर से पधारे अंतरराष्ट्रीय भजनोपदेशक पंडित दिनेश पथिक ने अपने भजनों के माध्यम से संगीत की स्वर लहरी प्रवाहित की। जिसमें अनेक प्रभु भक्ति गीत एवं जीवन निर्माण के संदेश देने वाले बुराइयों को दूर करने वाले भजन प्रस्तुत किए। यज्ञ की शुरुआत पांच बेदियों पर नगर के प्रतिष्ठित यजमानों ने की। जिसमें 20 जोड़ों ने वेद मन्त्रों से आहुतियां दी। प्रो. डॉक्टर विनय खुल्लर, ममता, हरिश्चंद्र पंत, विनोद आर्य , सोबरन शर्मा, मुनेश आर्य, शोभित वर्मा, नवीन आर्य, चंदन राम, प्रकाश जोशी, मनजीत बलिया, भुवन चन्द्र अधिकारी, सहित भाग लिया। यज्ञ के आचार्य एवं आर्यसमाज के प्रधान प्रोफेसर विनय विद्यालंकार एवं विनोद आर्य ने समस्त यजमानों को आशीर्वाद प्रदान किया । यज्ञ



अनुज कांत खंडेलवाल, हरिप्रसाद आर्य, श्रीमती कांता विनायक, पूनम आर्य, श्रीमती कृष्णा आर्य, प्रमोद बक्शी, जितेंद्र साहनी आदि अनेक यजमानों ने श्रद्धा की व्यवस्था में राजकुमार राजोरिया, ललित जोशी, उमेश तिवारी, सुरेश तिवारी, हेमंत कांडपाल एवं संतोष भट्ट आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# रेनू टम्टा बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर



बागेश्वर(उद संवाददाता)। चौगांवछीना निवासी रेनू टम्टा का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर गणित के पद पर हुआ है। बचपन से ही मेधावी रही रेनू ने हाईस्कूल व इंटर प्रथम श्रेणी में पास किया। बीएससी पिथोरागढ़ व एमएससी जीबी पंत विश्वविद्यालय पंतनगर से किया। रेनू ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य बद्री प्रसाद टम्टा, माता भागीरथी देवी, बड़ी बहिन विनीता टम्टा असिस्टेंट प्रोफेसर व जीबी पंत विवि के शिक्षक एसबी सिंह को दिया है। वर्तमान में रेनू वन दरोगा के पद पर बागेश्वर में कार्यरत है। उनकी उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विभाग की छापेमारी से मचा हड़कम्प

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। विद्युत विभाग की टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में छापा मारकर आधा दर्जन से अधिक लोगो को विद्युत चोरी करने के आरोप में थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्रामीण क्षेत्रा में विद्युत विभाग की छापामार कार्यवाही गांव में हड़कम्प मच गया। उपखण्ड अधिकारी अलोक सचान के नेतृत्व में चलाएं गए अभियान में विधुत विभाग की टीम ने ग्राम जंगल जोगीठेर झनकट निवासी बलदेव सिंह, करनैल सिंह ,ग्राम विसौटा झनकट निवासी सीमा कौर पत्नी पूरन सिंह, ग्राम जंगल जोगीठेर निवासी दलजीत सिंह पुत्र प्रीतम सिंह ,जंगल जोगीठेर निवासी कुलदीप सिंह पुत्र विच्छा सिंह, सुन्दर नगर निवासी सतनाम सिंह पुत्र भजन सिंह, गुरमेज सिंह पुत्र अमरीक सिह निवासी- सुन्दनगर, बलविन्द्र सिंह पुत्र गुरूदयाल सिंह निवासी सुन्दरनगर के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही विधुत विभाग की टीम ने केबिल आदि बरामद की है। टीम में अवर अभियंता नीरज सिंह, लाईन कर्मी ओमप्रकाश राणा, सहायक अभि0 सतर्कता, शरद चौधरी पुलिस निरिक्षक सतर्कता इकाई कुमॉऊ शामिल थे।

# सिडकुल चौक व सिविल पाईन से बाईक हुई चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने सिडकुल चौक व सिविल लाईन में खड़ी मोटर साईकिलें चोरी कर लीं। मामले की रपट दर्ज करा दी गई हैं। दर्ज रपट में रजनीश चौधरी पुत्र देशपाल चौधरी निवासी न्यू शक्ति विहार, थाना पंतनगर मूल निवासी ग्राम अजीमुल्लानगर थाना अफजलगढ़ जिला बिजनौर,ने कहा है कि 22 मई को प्रात: वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 बीबी 8180 पर सवार होकर सिडकुल ढाल पर स्थित लैबर चौक पर गया। मोटर साईकिल सडक के किनारे खडा कर लौक लगा दिया और नजदीक के एटीएम पर रूपये निकालने के लिये गया था। कुछ देर बाद वापस आया तो उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नही थी जोकि अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गयी है। वहीं अन्य रपट में वाहन स्वामी ने कहा है कि 15 मई की दोपहर वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूपी 25 एयू 2549 को लॉक करके सिविल लाईन में बैक ऑफ बड़ौदा के गेट के पास खड़ी कर बैंक में लोन खाता देखने गया था। जब बैंक से बाहर आया तो देखा उसकी मोटर साईकिल मौजूद स्थान पर नहीं थी। पुलिस ने वाहन चोरी के दोनों मामलों की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस के पहुंचने से पहले ही डम्पर चालक हुए फरार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र के ग्राम घुसरी फार्म लगे गांव में रात्रि आधा दर्जन से अधिक डम्पर से मिट्टी खनन करने पर ग्रामीणों ने अवैध खनन की शिकायत पुलिस से करने के बाद भी अवैध मिट्टी खनन करने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही नही हुई। बीती रात घुसरी घेरा फार्म से सटे गांव अवैध मिट्टी खनन के डम्परों की आवाजाही से ग्रामीण परेशान हो गए। ग्रामीणों ने खनन की शिकायत थाने में की जब तक 112 पुलिस पहुंची तो उससे पहले ही खनन माफिया 7-8 चक्कर लगा चुके थे। बताया जा रहा है अवैध मिट्टी का खनन कार्य बिडोरा से किया जा रहा है। बिना अनुमति के थाना क्षेत्र में चल रहें मिट्टी के खनन से ग्रामीण क्षेत्रों में आवाजाही से गांव के लोग परेशान है। इससे पूर्व भी थाना क्षेत्र के कई गांवों में डम्पर व ट्रेक्टर से मिट्टी का खनन चल रहा है। राजस्व विभाग ने खनन कार्य में लिप्त डम्परों के खिलाफ कोई कार्यवाही नही होने सरकार को भी लाखों की चपत लग रही है। लेकिन खनन कार्य में लिप्त लोग बेखौफ मिट्टी का अवैध खनन कर उच्चाधिकारियों को भी चुनौती दे रहें है।

# प्रभावितों को मिली 5000 की आर्थिक सहायता

नैनीताल। भवाली अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग (एन.एच.-109) स्थान क्वारब तहसील कौश्यों कुटौली में हुई अतिवृष्टि से आवासीय मकानों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में पानी व मलुवा भर जाने एवं क्वारब-मौना मोटर मार्ग अवरूद्ध हो जाने के दृष्टिगत लो.नि.वि. निर्माण खण्ड के कनिष्ट अभियन्ता, विद्युत विभाग के प्रतिनिधि एवं लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रतिनिधि के साथ एसडीएम कोश्याकुटोली विपिन पंत द्वारा निरीक्षण किया गया । अवरूद्ध मोटर मार्ग आम जनता के लिए खुलवाये गये तथा अतिवृष्टि से प्रभावित छ: परिवारों को राज्य आपदा मोचन निधि से अहेतुक सहायता मद में रू 5000=00 (पांच हजार) प्रति परिवार को आर्थिक सहायता वितरित की गयी। विद्युत विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि स्थान ढोकाने में 11 के. वी. विद्युत लाईन के ऊपर पेड़ गिर जाने से विद्युत व्यवस्था बाधित हुई थी जिसकी आपूर्ति सुचारू कर दी गयी है। उपस्थित विभागों को आपदा के दृष्टिगत सर्तक रहने हेतु निर्देशित किया गया।




# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्रामीण क्षेत्र में एक महिला द्वारा खुद को कमरे में बंद कर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर महिला को फंदे से नीचे उतारा,तब तक उसकी मौत हो चुकी थी । घटना के पीछे पारिवारिक कलह बताई जा रही है बृहस्पतिवार ग्राम चमनगंज निवासी बंटी सिंह की पत्नी कोमल कौर (25 वर्ष) ने खुद को कमरे में बंद कर लिया, काफी आवाज देने के बाद भी कोमल के दरवाजा न खोलने पर बंटी ने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी,सूचना पर



पहुंचे पुलिसकर्मियों ने बंद दरवाजे की दरार से झांककर देखा तो कोमल छत में पंखे के कुंदे से बंधी रस्सी पर लटकी थी पुलिसकर्मियों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर कोमल के शव को नीचे उतारा इस दौरान वहां पहुंचे सीओ ए आर्य ने मामले की जानकारी ली बंटी सिंह ने बताया कि करीब 7 वर्ष पूर्व उसका विवाह ग्राम रतनपुरा ,किच्छा निवासी कोमल कौर के साथ हुआ था। कुछ समय से दोनों में पारिवारिक कारणों के चलते विवाद चल रहा था घटना के समय उसकी 4 वर्षीय बेटी नवनीत कौर एवं 2 वर्षीय बेटा अनवीर सिंह घर के सामने रहने वाले अपने ताऊ दीपक सिंह के घर पर गए हुए थे ।

# चीफ जस्टिस रितु बाहरी ने केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में की पूजा

## बीकेटीसी के सदस्यों ने मुख्य न्यायाधीश को प्रसाद भेंट किया, चारधााम यात्रा प्रबंधन और तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाओं व व्यवस्थाओं के बारे में जाना

रूद्रप्रयाग/चमोली(उद संवाददाता)। उत्तराखंड उच्च न्यायालय की प्रथम महिला मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी ने बंधवार को पूर्वाह्न ग्यारह बजे भगवान श्री केदारनाथ धाम के दर्शन किये और मंदिर में जलाभिषेक किया। पहली बार केदांरनथ धाम में दर्शन के लिए पहुंची चीफ जस्टिस रितु बाहरी का जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार और पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा ने वीआईपी हेलीपैड पर स्वागत किया। केदारनाथ पहुंचने पर जस्टिस रितु तीर्थ पुरोहित समाज एवं मुख्य पुजारी से मिलीं। दर्शन के दौरान चीफ जस्टिस रितु बाहरी आध्यामिक ऊर्जा से अभिभूत नजर आयीं। उन्होंने उत्तराखंड के सतत विकास के लिए भी बाबा केदार से आशीर्वाद भी मांगा है। केदारनाथ में श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने समिति की ओर से मुख्य न्यायाधीश को प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर कार्याधिकारी आरसी तिवारी, पुजारी शिवशंकर लिंग तीर्थ पुरोहित और मंदिर समिति के सभी कर्मी मौजूद रहे। केदारनाथ धाम से मुख्य न्यायधीश ऋतु बाहरी अपराह्न डेढ़ बजे बदरीनाथ धाम दर्शन को पहुंचीं। मंदिर में दर्शन कर विष्णु सहस्रनाम पूजा की। बदरीनाथ धाम के रावल मुख्य पुजारी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी, धर्माधिकारी आचार्य राधाकृष्ण थपलियाल, वेदपाठी आचार्य रविंद्र भट्ट ने पूजा करायी। इस अवसर पर मुख्य न्यायधीश ने जनकल्याण की कामना की। कार्यालय सभागार में बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने समिति की ओर से मुख्य न्यायाधीश को श्री बदरीनाथ धाम का प्रसाद भेंट किया। इस दौरान मंदिर समिति सदस्य भास्कर डिमरी, बदरीनाथ प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी भी मौजूद रहे। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि मंदिर दर्शन के पश्चात मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी ने मंदिर समिति कार्यालय सभागार बदरीनाथ में जिले के शीर्ष प्रशासनिक, न्यायिक अधिकारियों, मंदिर समिति पदाधिकारियों और अधिकारियों से यात्रा विषयक अनौपचारिक बातचीत की। यात्रा प्रबंधन और तीर्थयात्रियों को यात्रा के दौरान सुविधाओं- असुविधाओं के बारे में जाना। बदरीनाथ धाम में तीर्थयात्रियों के रहने की क्षमता, मूलभूत यात्री सुविधाओं, विद्युत, स्वास्थ्य, पेयजल, संचार, परिवहन, आवास, खाद्यान्न, दर्शन व्यवस्था धामों के मौसम आदि विषयों पर चर्चा की। उत्तराखंड चारधाम यात्रा का भी जिक्र किया। खासकर श्री यमुनोत्री धाम की भौगोलिक स्थिति, यात्री वहन क्षमता और बदरीनाथ-केदारनाथ सहित गंगोत्री-यमुनोत्री में जबर्दस्त यात्रियों के प्रवाह और यात्रा के लिए जुटाई गयी तैयारियों पर अधिकारियों से जाना। इस दौरान उन्होंने पूछा कि देश के किन प्रांतों के लोग बदरीनाथ धाम अधिक संख्या में पहुंचते हैं। उन्हें अवगत कराया गया कि वैसे तो देश के सभी प्रांतों के लोग उत्तराखंड चारधाम पहुंचते हैं, लेकिन दक्षिण भारत का बदरीनाथ-केदारनाथ से अधिक लगाव है। आदि गुरु शंकराचार्य की परंपरा के मुताबिक आज भी इन धामों में मुख्य पुजारी रावल केरल से बदरीनाथ में कर्नाटक से केदारनाथ के रावल होते हैं। श्री बदरीनाथ में अधिक श्रद्धालु आते थे। अब रोड कनेक्टिविटी, यात्री सुविधाओं से केदारनाथ, यमुनोत्री में तीर्थयात्रियों का प्रवाह अधिक बढ़ा है। सरकार की ओर से संपूर्ण चारधाम में यात्री सुविधाओं में वृद्धि हुई है। यात्रा पहले से अधिक सुविधाजनक हुई है। मंदिर समितियों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन सहित यात्रा से जुड़े सभी एजेंसियों का प्रयास है कि उत्तराखंड चारधाम यात्रा सरलता-सुगमता से चले। इस अवसर पर जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना बदरीनाथ धाम यात्रा मजिस्ट्रेट प्रतीक जैन, सीजेएम चमोली छवि बंसल, उप जिलाधिकारी जोशीमठ सीएस वशिष्ठ, नायब तहसीलदार ज्योतेंदु सिंह नेगी, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, नगर पंचायत ईओ सुनील पुरोहित, राजेंद्र सेमवाल, सूचनाधिकारी रविंद्र नेगी, मीडिया प्रभारी बीकेटीसी डा. हरीश गौड़ सहित स्थानीय तीर्थ पुरोहित मौजूद रहे। बदरीनाथ धाम में अल्प विश्राम के बाद मुख्य न्यायाधीश हेलीकाप्टर से देहरादून रवाना हो गईं।










# एक जून से खुल सकते हैं ऑफलाईन पंजीकरण

## यात्रा व्यवस्था को कुशलतापूर्वक संचालित करने के लिए सभी विभाग व एजेंसियां तत्परता से जुटी : अजेंद्र

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के लिए जून में शुरू हुए ऑनलाइन पंजीकरण फुल हो गए हैं। जुलाई से नवंबर के बीच यात्रा के लिए पंजीकरण उपलब्ध हो रहे हैं। चारोंधामों में क्षमता से अधिक भीड़ बढ़ने पर प्रदेश सरकार ने ऑफलाइन पंजीकरण पर 31 मई तक रोक लगाई है। धामों में स्थिति सामान्य होने पर एक जून से ऑफलाइन पंजीकरण खुल सकते हैं। चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण का आंकड़ा 31.55 लाख पार कर चुका है। इसमें 9.61 लाख यात्री दर्शन कर चुके हैं। 10 मई से चारधाम यात्रा का आगाज हुआ। पहले दिन ही केदारनाथ, गंगोत्री यमुनोत्री धाम में दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों की भारी उमड़ी, जिससे व्यवस्थाएं भी पटरी से उतर गईं। वहीं हेमकुंड साहिब स्थित लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट बृहस्पतिवार को बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर विधि-विधान के साथ खोल दिए गए। आमतौर पर हेमकुंड साहिब के साथ ही लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट भी खुलते हैं। मंदिर के पुजारी कुशल सिंह और मनीष पांडे ने पूजा-अर्चना कर भोग लगाया।



15 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित मंदिर हेमकुंड साहिब के सरोवर के पास स्थित है। श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि चार धाम यात्रा की शुरुआत में क्षमता से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने से कुछ कठिनाइयां जरूर हुई थीं। मगर प्रदेश सरकार के कुशल प्रबंधन के चलते जल्द ही यात्रा व्यवस्था सुचारू हो गई है। श्री अजेंद्र ने कहा कि इस वर्ष चार धाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है। देश-विदेश के श्रद्धालुओं का हमारे प्रदेश के धामों के प्रति भारी रुझान दिखाना समस्त प्रदेशवासियों के लिए गौरव की बात है। बीकेटीसी अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार के निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है कि आज चार धाम यात्रा में इतनी भारी संख्या में श्रद्धालु यहां आ रहे हैं।उन्होंने कहा कि यात्रा व्यवस्था को कुशलता पूर्वक संचालित करने के लिए सभी विभाग व एजेंसियां तत्परता से जुटी हुई हैं। चारधाम यात्रा की शुरुआत होने के साथ ही भारी संख्या में तीर्थ यात्री दर्शन करने को पहुंच रहे हैं। 10 मई से शुरू यात्रा में केदारनाथ धाम में दर्शन को सबसे ज्यादा तीर्थ यात्री पहुंच रहे हैं। केदारनाथ धाम में अब तक 391590 श्रद्धालुओं ने दर्शन किया है। बदरीनाथ धाम में अब तक 178521 तीर्थ यात्री पहुंचे हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री धामों में 151490 और 164132 तीर्थ यात्रियों ने दर्शन किए हैं।

# चारधाम यात्रा प्रबंधन के लिए मदद करेगी एनडीआरएफ और आईटीबीपी

## गृह मंत्रालय ने दिये कमेटी का गठन करने के निर्देश, वर्चुअल मीटिंग में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने चारधाम यात्रा की दी विस्तृत जानकारी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने बुधवार को केन्द्रीय गृह सचिव श्री अजय कुमार भल्ला को वर्चुअल मीटिंग में राज्य में सुचारू रूप से जारी चारधाम यात्रा की जानकारी दी। केन्द्रीय गृह सचिव ने मुख्य सचिव को धामों, यात्रा मार्गों, ठहराव स्थलों में यात्रियों की रिपोर्ट प्रतिदिन गृह मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए। केन्द्रीय गृह सचिव ने जरूरत पड़ने पर यात्रा मार्ग पर क्राउड मैनेजमेंट हेतु एनडीआरएफ व आईटीबीपी की मदद लेने तथा भविष्य में चारधाम यात्रा प्रबन्धन की रणनीति हेतु एक कमेटी गठन के निर्देश दिए। उन्होंने धरातल स्तर पर यात्रा प्रबन्धन पर कड़ी निगरानी पर विशेष बल दिया। मुख्य सचिव श्रीमती रतूड़ी ने केन्द्रीय गृह सचिव को जानकारी दी कि राज्य में चारधाम यात्रा सफलतापूर्वक, सुरक्षित, सुगम एवं सुचारू रूप से संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था बनाए रखने





के लिए 31 मई तक चारधाम यात्रा के ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाई गई है।सीएस ने बताया कि उन्होंने सभी राज्यों विशेषकर 5 प्रमुख राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र के माध्यम से तथा व्यक्तिगत तौर पर बातचीत कर अनुरोध किया गया है कि यात्री सिर्फ रजिस्ट्रेशन के बाद ही चारधाम यात्रा पर आए तथा जिस तिथि का रजिस्ट्रेशन हुआ है उस तिथि को ही चारधाम यात्रा पर आए। यात्रा मैनेजमेंट सिस्टम की जानकारी देते हुए सीएस ने बताया कि रजिस्ट्रेशन हेतु उत्तराखण्ड टूरिज्म डेवलमेंट बोर्ड द्वारा 24 घण्टे संचालित होने वाला कॉल सेन्टर कार्य कर रहा है। पंजीकृत श्रद्धालुओं को प्रमुख स्थानों पर धामों के दर्शन हेतु टोकन जारी किए जा रहे हैं। मुख्य सचिव ने जानकारी दी कि 22 मई तक कुल 31,18,926 रजिस्ट्रेशन में से यमुनोत्री हेतु 4,86,285, गंगोत्री हेतु 5,54,656, केदारनाथ हेतु 10,37,700, बदरीनाथ हेतु 9,55,858 तथा हेमकुंट साहिब हेतु 8,44,27 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण करवाया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष यात्रा के सुचारू संचालन हेतु परिवहन विभाग ने वाहन चालकों की कैपिसिटी बिल्डिंग तथा मेडिकल स्क्रीनिग की व्यवस्था की है। यात्रा रूट के मुख्य प्रवेश स्थलों पर चार हाईटेक चेक पोस्ट बनाए गए हैं। सोनप्रयाग, गौरीकुण्ड मार्ग पर शटल सर्विस की व्यवस्था की गई है। मुख्य सचिव ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा इस वर्ष यात्रा रूट पर 56 टूरिज्म पुलिस सपोर्ट सेन्टर खोले गए हैं। यात्रा पर निगरानी हेतु 850 सीसीटीवी कैमरा तथा 8 ड्रोन लगाए गए हैं। केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर 1495 वाहनों की क्षमता वाले 20 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12 मुख्य लोकेशन पर 50 स्क्रीनिग कियोस्क लगाए गए हैं। स्वास्थ्य मित्र (फर्स्ट मेडिकल रिस्पोण्डर्स) की तैनाती भी यात्रा मार्ग पर की गई है। यात्रा रूट पर 156 एम्बुलेंस तैनात की गई हैं। 8 ब्लड बैंक तथा 2 स्टोरेज यूनिट भी उपलब्ध करवाए गए हैं। केन्द्रीय गृह सचिव ने उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा के सफल संचालन हेतु केन्द्र से हर संभव सहायता एवं सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में पुलिस महानिदेशक श्री अभिनव कुमार, सचिव श्री शैलेश बगौली, श्री सचिन कुर्वे, श्री दिलीप जावलकर, श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म मामले को लेकर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

हल्दुचौड़ (उद संवाददाता)। लालकुआं के बिंदुखत्ता क्षेत्र में बीते दिनों कक्षा 8 में पढ़ने वाली नाबालिग के साथ हुए दुराचार के मामले में लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के छात्रों ने कुमाऊ विश्विद्यालय छात्र महासंघ उपाध्यक्ष सचिन फुलारा के नेतृत्व मे हल्दुचौड़ पुलिस चौकी पहुंचकर विरोध प्रकट किया और राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित कर महिला सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। साथ ही पुलिस प्रशासन से नशेड़ियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग भी की गई। ज्ञापन सौंपते हुए छात्र महासंघ उपाध्यक्ष सचिन फुलारा ने कहा कि लालकुआं क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे नशेड़ी व नशे के कारोबारी पर कार्यवाही की की जाए,उन्होंने मांग की पुलिस, सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर खुफिया तंत्र विकसित करें व तत्काल नशेड़ियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, अन्यथा समाजसेवियों के साथ छात्र महासंघ व छात्रसंघ इस पर मोर्चा खोलेगा। समाजसेवी पीयूष जोशी ने कहा कि लालकुआं विधानसभा क्षेत्र में संदिग्ध स्थानो व हॉटस्पॉट एरियाज में सीसीटीवी कैमरे तत्काल लगवाए जाएं,महिलाओं के लिए स्पेशल महिला सुरक्षा फोर्स का गठन किया जाए ,नशे



के विरुद्ध वर्तमान में जारी एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड को भंग करते हुए तत्काल ईमानदार अधिकारियों को एंटी नारकोटिक स्क्वायड की कमान सौंपकर नशे के विरुद्ध छापेमारी अभियान तेज किया जाए। इसके साथ-साथ राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में छात्र-छात्राओं ने मांग की कि राज्यपाल पुलिस महा निदेशक, महिला आयोग,सामाजिक संगठन छात्रसंघ सहित तमाम अन्य स्टेक होल्डर को साथ लेकर इसके लिए व्यापक रणनीति बनाने पर विचार करें। इस दौरान बिंदुखत्ता में हुए इस घटनाक्रम की जांच को तत्काल फास्ट्रेक कोर्ट ने शिफ्ट करने व दोषियों के विरुद्ध चार्ज शीट में सख्त से सख्त धाराएं लगाने की मांग भी की गई। छात्र नेता प्रतिक जोशी ने कहा कि न सिर्फ नशा बल्कि महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं भी लालकुआं में लगातार बढ़ रही है इस पर पुलिस को तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता है । कोतवालि लालकुआ के कोतवाल दिनेश फर्तीयाल सीआरपीसी,आईपीसी की ट्रेनिंग में होने के कारण उनकी जगह पर मौजूद एसएसआई हरेंद्र नेगी ने संबंधित शिकायतों को सुना व आश्वस्त किया कि सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए आवश्यक रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस दौरान छात्र महासंघ उपाध्यक्ष सचिन फुलारा,समाजसेवी पीयूष जोशी, छात्रसंघ अध्यक्ष कार्तिक रजवार, छात्रसंघ उपाध्यक्ष साहिल शर्मा, संस्कृतिक सचिव तनुजा सागर,पूर्व छात्रसंघ कोषाध्यक्ष कन्हैया भट्ट, छात्रसंघ सचिव खजान चंद्र आर्य, छात्र नेता प्रतिक जोशी, छात्रा उपाध्यक्ष उर्मिला कोरंगा,छात्र नेत्री नेहा बोरा,पंकज जोशी, करण दुमका, किसान नेतासुब्रत विश्वास, उत्तराखंड बेरोजगार संघ कुमाऊं संयोजक भूपेंद्र कोरंगा,प्राउड पहाड़ी समिति अध्यक्ष गणेश धामी,छात्र नेताकन्हैया भट्ट, तनुजा, क्षितिज जोशी, गणेश भट्ट, अमित, शिवानी जीना, संजना राणा, राज चौहान, अनुज सूयाल,जन्मेजय उप्रेती, हर्षित, नीरज उप्रेती,सचिनशाही,मयंक कांडपाल ,शालिनी पवार,अविनाश कोहली, कार्तिक गोस्वामी,दीपक पांडे आदि छात्र-छात्राएं व समाजसेवी मौजूद रहे ।

# बीस किलो गोमांस और औजार के साथ एक गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। गोवंश स्क्वाड के प्रभारी प्रवीण सिंह ने यहां मोहल्ला विजयनगर नई बस्ती के एक मकान में छापामार कार्यवाही कर 20 किलो गोम्स तथा मांस काटने की औजार बरामद करते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथ दबोच लिया। जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ समय से गोवंश स्क्वाड टीम को सूचना मिल रही थी कि मोहल्ला विजयनगर नई बस्ती के एक मकान में चोरी छिपे प्रतिबंध को मांस की बिक्री की जा रही है इसी सूचना पर हरकत में आए प्रभारी प्रवीण सिंह ने बगीचा रेस्टोरेंट के समीप श्रीमती नागर के मकान में छापामार कार्यवाही करते हुए मौके से वार्ड नंबर 17 मोहल्ला कुरैशियान तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी नाजिम पुत्र अब्दुल अजीज को रंगे हाथ गोमांस की बिक्री करते दबोच कर मौके से 20 किलो प्रतिबंधित गोमांस तथा मांस काटने के औजार बरामद किए।

# श्री अग्रवाल सभा के वार्षिक चुनाव कल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री अग्रवाल सभा हल्द्वानी के वार्षिक चुनाव से संबंधित श्री अग्रवाल सभा की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन हिंदू धर्मशाला रामपुर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता श्री अग्रवाल सभा अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने की। बैठक में कोषाध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल ने वर्ष 2023 -24 का लेखा-जोखा कार्यकारिणी में रखा जो सर्वसम्मति से पास हो गया। अग्रवाल सभा महामंत्री राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि कल 25 मई को श्री महाराजा अग्रसेन भवन में शाम 5 बजे से अग्रवाल सभा हल्द्वानी के वर्ष 2024- 25 के लिए वार्षिक चुनाव कराए जाएंगे। बैठक में कार्यक्रम संयोजक नीरज प्रभात गर्ग, सचिव मनोज अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, बसंत कुमार अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, निशुल्क अग्रवाल, युवा समिति अध्यक्ष विपुल अग्रवाल, कुणाल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल आदि समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

# हाथी ने युवक को कुचल कर मौत के घाट उतारा

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम कंदला में रहने वाले एक ग्रामीण को जंगल में हाथी ने कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है । हाथी के आतंक को लेकर



ग्रामीणों में दहशत बनी है। बताया जाता है कि उक्त गांव में रहने वाला 36 वर्षीय पाला सिंह गुरुवार दोपहर ट्रैक्टर ट्राली में ड्राइविंग कर रहे अपने भाई को हर रोज की तरह खाना देने के लिए जा रहा था। इसी बीच पीर पत्ता के जंगल में अचानक एक हाथी ने पाला सिंह पर हमला बोल दिया और उसे अपनी सूंड में फंसा कर कई बार जमीन पर पटकने के साथ ही उसे कुचल दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लहूलुहान हालत में जमीन में पड़े पाला सिंह को उपचार के लिए तत्काल रामनगर के सरकारी अस्पताल लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद हाथी के आतंक को लेकर गांव में दहशत बनी हुई है । जानकारी मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। वन कर्मचारियों द्वारा गशत शुरू करने के साथ ही जंगल में ग्रामीणों से अकेले ना जाने की अपील की है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से हाथी के आतंक से निजात दिलाने के साथ ही मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है।

# पीएम आवास योजना के भवनों का डीएम ने किया निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने गुरूवार को जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम बागवाला रूद्रपुर में प्रधानमंत्री आवास





योजना के अन्तर्गत आर्थिक कमजोर वर्ग के लोगों हेतु निर्मित किए जा रहे भवनों का निरीक्षण किया व अधिशासी अभियंता जिला विकास प्राधिकरण से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी को उक्त योजना के संबंध में अधिशासी अभियंता प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि योजना की लागत 128.93 करोड़ है। जिसमें 4 मंजिल 23 ब्लॉक के अन्तर्गत 1872, ईडब्लूएस भवनों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान तक 560 भवनों के स्ट्रक्चर निर्मित हो गये हैं तथा ब्लॉक 'सी' को छोडकर शेष 22 ब्लाकों की 'प्लिंथ' तक कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है। योजना में भवनों के निर्माण के साथ-साथ बाह्य विकास कार्य भी सम्मिलित हैं जिसमें एसटीपी, पार्क आदि का भी प्रावधान रखा गया है। जिलाधिकारी द्वारा कार्य में और तेजी लाये जाने के निर्देश संबंधित फर्म एवं संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीण मार्ग को समीपस्थ स्थित ट्यूबवेल तक बढाये जाने हेतु, उक्त का आगणन तैयार कराये जाने के निर्देश अधि0 अभियंता को दिए ताकि सडक का लाभ ग्रामीणों को भी मिल सके साथ ही कच्ची सडक को तत्काल भरान करने के भी निर्देश दिए ताकि मानसून सीजन में आवागमन में किसी भी प्रकार की समस्या न आए। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि प्रस्तावित योजना के समीप स्थित भूमि में हाईस्कूल तक स्कूल भवन, सामुदायिक भवन तथा खेल मैदान का प्रस्ताव तैयार कराया जाये ताकि योजनान्तर्गत पात्र निवासियों के बच्चों को पास में ही स्कूल आदिकी सुविधा भी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि वाहन पार्किंग, पार्क, खेल मैदान आदि के साथ ही प्रोविजन स्टोर व मेडिकल स्टोर जैसी मूलभूत सुविधाओं हेतु भूमि की उपलब्धता का भी ध्यान रखें। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, अधिशासी अभियंता जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, अवर अभियंता विकास प्राधिकरण, कार्यदायी संस्था मैसर्स अभिलाषा इंटरप्राइजेज के साइट इंजी0 व योजना हेतु चयनित थर्ड पार्टी के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# राजस्व पुलिस के अधिकतर मामलों में नहीं हो रही सजा

## कुमाऊं के चार जिलों की सजा-रिहाई सूचनाओं से हुआ खुलासा,नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर का राजस्व पुलिस सजा प्रतिशत अत्यन्त कम

काशीपुर (उद संवाददाता)।गत 21 मई को उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राजस्व पुलिस व्यवस्था एक साल में समाप्त करने के आदेश दिये है। इस आदेश का महत्व अभियोजन विभाग के सजा-रिहाई के आंकड़े भी बयान करते है। कुमाऊं के 4 जनपदों के आंकड़ों से स्पष्ट है कि राजस्व पुलिस वाले मुकदमों की सजा दर, रेगुलर पुलिस की अपेक्षा कम है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने उत्तराखंड सरकार द्वारा फौजदारी मुकदमों में सजा रिहाई सम्बन्धी सूचना लोक सूचना अधिकारी, अभियोजन निदेशालय उत्तराखंड से मांगी थी। उनके द्वारा सूचना प्रार्थना पत्र जिलों के अभियोजन कार्यालयों को हस्तांतरित करने पर लोक सूचना अधिकारी/सहायक अभियोजन अधिकारी, जनपद अल्मोड़ा, शिखा श्रीवास्तव ने लो. सू.अ./अभियोजन अधिकारी, नैनीताल, लो.सू.अ. अभियोजन कार्यालय पिथौरागढ़ रितेश शर्मा तथा लो.सू.अ. /ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी बागेश्वर अपने-अपने जिलों से सम्बन्धित विवरणों की फोटो प्रतियां उपलब्ध करायी है।श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार वर्ष 2023 में कुमाऊं के राजस्व व रेगुलर दोनों पुलिस व्यवस्था वाले 4 पर्वतीय जनपदों नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ तथा बागेश्वर में कुल 8702 मुकदमें न्यायालयों से निर्णीत हुये जिसमें 7076 मामलों में सजा हुई तथा 756 मामलों में रिहाई हुई तथा सजा का प्रतिशत कुल निर्णीत मुकदमों का 81 प्रतिशत रहा। जबकि



इसमें राजस्व पुलिस के निर्णीत 248 केसों में से केवल 23 में ही सजा हुई तथा सजा का प्रतिशत 9 रहा जबकि नियमित पुलिस के 8454 मामलों में से 83 प्रतिशत 7053 केसों में सजा हुई तथा 702 मामलों में रिहाई हुई। नैनीताल जनपद में वर्ष 2023 में फौजदारी न्यायालयों द्वारा कुल 4229 केस निर्णीत हुये जिसमे 78 प्रतिशत 3313 केसों में सजा हुई तथा 346 केसों में रिहाई हुई। इसमें शामिल नियमित पुलिस के 4088 केसों में से 81 प्रतिशत 3313 केसों में सजा हुई तथा राजस्व पुलिस के निर्णीत 141 केसों में से किसी में भी सजा नहीं हुई तथा केस में रिहाई हुई तथा 140 केसों में दाखिल दफ्तर किये गये है। अल्मोड़ा जनपद में वर्ष 2023 में फौजदारी न्यायालयों द्वारा कुल 1062 केस निर्णीत हुये है जिसमें 73 प्रतिशत 777 केसों में सजा हुई जबकि 163 केसों में रिहाई हुई है। इसमें शामिल नियमित पुलिस के 988 केसों में से 77 प्रतिशत 763 केसों में सजा हुई हैं तथा 122 केसों में रिहाई हुई हैं जबकि राजस्व पुलिस के 74 केसों में से 19 प्रतिशत 14 केसों में सजा हुई है तथा 41 केसों में रिहाई हुई है। पिथौरागढ़ जनपद में 2023 में निर्णीत कुल 2667 फौजदारी केसों में से 91 प्रतिशत 2432 में सजा हुई है तथा 111 केसों में रिहाई हुई है। इसमें शामिल नियमित पुलिस के 2652 केसों में 91 प्रतिशत 2426 केसों में सजा हुई है तथा 108 केसों में रिहाई हुई है जबकि राजस्व पुलिस के 15 केसों में से 40 प्रतिशत 6 केसों में सजा हुई तथा 3 केसों में रिहाई हुई है। बागेश्वर जनपद में 2023 में निर्णीत कुल 744 केसों में से 74 प्रतिशत 554 केसों में सजा हुई तथा 136 केसों में रिहाई हुई है जबकि राजस्व पुलिस के 18 केसों में से 17 प्रतिशत 3 केसों में सजा हुई है तथा 9 केसों में रिहाई हुई है।

# ओवरहेड टैंक व ट्यूबवेल का निरीक्षण

हल्द्वानी। उत्तराखंड राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष दिनेश आर्य ने पेयजल की समस्याओं के मद्देनजर नगर क्षेत्र रामपुर रोड समता आश्रम के सामने बन रहे ओवर हेड टैंक, करायत चतुर सिंह में निर्माणाधीन ट्यूबल वेल व चादनी



चौक घुड़दौड़ा में निर्माणाधीन पम्प हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 15 दिन में ओवर हेड टैंक से पानी का वितरण करने व 1 महिने में ट्युबल व पम्प हाउस का कार्यघ पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान पार्षद राजेन्द्र अग्रवाल, मनोज गुप्ता व राजेन्द्र नेगी एंव पूरन डालाकोटी उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग ने चलाया वृहद वाहन चेकिंग अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरटीओ के निर्देश पर पविहन विभाग की टीम ने वाहनों की वृहद चेकिंग का अभियान चलाया। इस दौरान 14 चालान काटे गये साथ ही अनियमिततायें मिलने पर 4 वाहन जब्त किए। 6 मामलों में वाहन में परिवर्तन और 2 मामलों में फिटनेस से संबंधित उल्लंघन पाये गये । चेकिंग के दौरान टायर, रिफ्लेक्टर्स, अंडर रन प्रोटेक्शन और अधिक ऊंचाई अनुपालन सहित विभिन्न मापदंडों की जांच भी की। चेकिंग के दौरान पाया गया कि एक माल वाहन को रासायनिक टैंकर में बदल दिया गया था, जिसे जब्त कर हिरासत में लिया गया।



# बैटरी रिक्शा में दिनदहाड़े जनरेटर बांध ले गए चोर

## कटोराताल चौकी क्षेत्र में फिर घटी सनसनीखेज घटना

काशीपुर(उद संवाददाता)। कटोराताल पुलिस चौकी क्षेत्र में घात लगाए चोरों ने दिनदहाड़े दुकान के सामने रखा कीमती जनरेटर उड़ा दिया। यह घटना समीप लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मामला पुलिस के संज्ञान में है। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला पक्काकोट में नागनाथ मंदिर के समीप योगेश जोशी की भावना इंटरप्राइजेज के नाम से दुकान है। पता चला है की प्रतिष्ठान स्वामी ने कुछ जरूरी काम निपटाने के लिए एक हफ्ते के लिए जनरेटर किराए पर लिया था। बताते हैं कि गुरुवार को दोपहर लगभग 12:00 बजे दिन में घात लगाए चोरों ने दुकान के आगे रखा भारी भरकम कीमती जनरेटर मौके से उड़ा दिया। यह घटना समीप लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कैमरे में अज्ञात चोर जनरेटर को बैटरी रिक्शा में बांधकर ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। चोरी की इस तरह की सनसनीखेज वारदात से क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है।

# मिनी स्विट्जरलैंड कौसानी हुआ पर्यटकों से गुलजार

कौसानी/बागेश्वर(उद संवाददाता)। विश्व पटल पर अल्मोड़ा- बागेश्वर की सीमा पर बसी पर्यटन नगरी और मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से विश्वविख्यात कौसानी इन दिनों मौसम के सुहावना होने से पर्यटकों से गुलजार हो गया है।पहाड़ो की वादियों में बसे कौसानी से विभिन्न ग्लेशियरों सहित पहाड़ी क्षेत्रों का अद्भुत नजारा दिखता है। वही अब मौसम सुहावना होते ही कौसानी में पर्यटकों की तादात बढ़ने लगी है, जिससे पर्यटन व्यवसाय से जुड़े व्यवसाइयों के भी चेहरे खिलने लगे हैं, वही कोरोना काल के बाद कौसानी सहित अन्य स्थानों में पर्यटन व्यवसाय बहुत कम हो गया था, जिससे पर्यटन व्यवसाइयों में भी मायूसी थी, वही गत दिनों जिले में हुई बारिश के बाद एक बार भी मौसम खुशनुमा होने और बारिश से वनाग्नि की घटनाएं कम होने से हिमालयी क्षेत्र का अद्भुत नजारा पर्यटकों को दिखने लगा है, जिस कारण कौसानी



अब पर्यटकों से गुलजार होने लगी है। होटल एसोसिएशन सहित जिला व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बबलू नेगी और होटल व्यवसायी पूरन सिंह दोसाद, ने भी पर्यटन का हब समझे जाने वाले कौसानी में पर्यटन क्षेत्र में सड़क मार्ग का सौंदर्यीकरण, सड़क किनारे हरियाली, सहित साज सज्जा, पर्यटकों के घूमने और मनोरंजन के1लिए हाइटेक पार्किंग गार्डन, सहित सड़को की टूटी दीवारों, सहित रात्रि पथ प्रदर्शक के लिए आकर्षक विद्युत व्यवस्था और पर्यटकों को लुभाने के लिए उचित व्यवस्था नही होने पर नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन पर्यटन विभाग से मिनी स्विटरजरलैंड कौसानी को पर्यटन क्षेत्र में विकसित करने के लिए उचित साज सज्जा की व्यवस्था, स्वच्छता मिशन के तहत कौसानी को स्वच्छ रखने और कूड़ा नियंत्रण के लिए जगह जगह कूड़ेदान लगाए जाने की अपील की है।वही व्यवसाइयों ने पिंक सिटी की तरह ही कौसानी को ग्रीन सिटी बनाने के लिए विशेष प्रयास करने की अपील की है। वही कौसानी में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से सभी व्यवसाइयों में खुशी की लहर है।लोगों ने जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग से कौसानी में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए आकर्षक वाल पेंटिंग,सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों का नक्शा, हरियाली, और सड़क किनारों में पर्याप्त डस्टबिन, सड़को किनारे नाला निकास और कूड़ा नियंत्रण की उचित व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

# मोटिवेशनल स्पीकर जगमोहन ग्रोवर एवं गुरजीत सिंह ने की राज्यपाल से भेंट

देहरादून (उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) से गुरुवार को राजभवन में दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान चला रहे मोटिवेशनल स्पीकर जगमोहन ग्रोवर एवं गुरजीत सिंह ने भेंट कर उनके द्वारा नशा मुक्ति हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। जगमोहन ग्रोवर एवं गुरजीत सिंह अब तक स्वयं के प्रयासों से लगभग 2000 से अधिक परिवारों को इस समस्या से निजात दिला चुके हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में युवाओं



का सबसे बड़ा दुश्मन नशा है और ये हमारा कर्तव्य है कि हम सभी प्रकार के नशा मुक्ति अभियानों को सहयोग करें। उन्होंने कहा कि हम जो योजना बनाएं उसको प्रभावी किस प्रकार करना है, उसके लिए संतुलित रोड मैप बनाना चाहिए ताकि हम जो भी कार्य आरम्भ करें वह समन्वित, पोषणीय एवं टिकाऊ हो। उन्होंने कहा कि इस योजना हेतु जितने भी संसाधनों की आवश्यकता है उनको उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सभी की है। राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न एनजीओ इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं।राज्यपाल ने कहा कि इस कार्य को करने के लिए लीडरशिप, ओनरशिप और पैशन की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने जगमोहन ग्रोवर एवं गुरजीत सिंह को इस कार्य हेतु हरसंभव सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया उपस्थित थीं।

# व्यापार संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया स्वागत

गरुड़(उद संवाददाता)। व्यापार संघ गरुड़ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भाजपा मंडल कार्यालय में फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर पदाधिकारियों ने व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। व्यापार संघ गरुड़ के नव निर्वाचित अध्यक्ष महेश बिष्ट, उपाध्यक्ष धीरज भाकुनी,



महासचिव रोहित पांडे का भाजपा मंडल कार्यालय में भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। भाजपाईयों ने कहा कि तीनों पदाधिकारी युवा हैं। युवा शक्ति व्यापार संघ को मजबूत बनाएगी और बाजार को विकसित करने के लिए ठोस कार्य करेगी। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह राणा, वरिष्ठ नेता हरीश रावत, प्रदेश संयोजक नंदन सिंह अल्मिया, केआर आर्य, दयाल काला, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी दत्त पांडे, भुवन आर्य, अंकित जोशी, रोहित कुमार,संदीप सिंह, मनोज रावल, हेम रावत, अभय नेगी आदि उपस्थित थे।

# कीवी उत्पाद एवं ताम्र बिक्री के लिए बागेश्वर में खोला आउटलेट

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जनपद में उत्पादित कीवी के विपणन की व्यवस्था करने व इससे बने उत्पादों को जनता को आसानी से उपलब्ध कराने के लिए पिंडारी रोड पर ताम्र एवं कीवी आउटलेट खुल गया है। आउट लेट का संचालन सीएलएफ के तहत किया जाएगा। आउटलेट का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि इससे किवी उत्पादकों को लाभ होगा साथ ही जनता को एक स्थान पर किवी उत्पाद आसानी से मिलेंगे। पिंडारी रोड में बने कीवी उत्पादित विभिन्न उत्पादों को जनता को आसानी से उपलब्ध कराने के लिए आउटलेट सेंटर खोला गया है। शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि जनपद में कई स्थानों पर कीवी प्रमुख उत्पादक फल बन चुका है जनपद की कीवी का साइज भी विशेष है। कहा कि राज्य सेक्टर व जिला योजना में किसानों को किवी की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसान भी इसके उत्पादन के लिए काफी उत्साहित हैं। कहा कि चार धाम यात्रा में कीवी की मांग अधिक होने व अन्य महानगरों में इसकी मांग अधिक होने के कारण जनपद में कीवी आउटलेट की स्थापना की है। अन्य स्थानों में इसकी स्थापना की जाएगी। बताया कि जनपद का ताम्र उदयोग में भी विशेष पहचान है तथा खरई पटटी के 40 कारीगरों को इसका लाभ पहुंचाने के लिए यहां पर ताम्र से बने विभिन्न उपकरणों की बिक्री की जाएगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, महाप्रबंधक उद्योग चंद्रमोहन, परियोजना प्रबंधक रिप मो आरिफ, सहायक उद्यान अधिकारी कुलदीप जोशी, उद्यान पौधालयवृ प्रभारी प्रमोद सिंह राणा, वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलड़ा, आदि उपस्थित थे।

# वनाग्नि प्रभावित क्षेत्रों का सीएम ने किया हवाई निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लमगड़ा क्षेत्र में वनाग्नि से प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय और हवाई निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने कहा कि इस साल आग से काफी नुकसान हुआ लेकिन अब वनाग्नि नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष में वानाग्नि से बहुत चुनौतियों का सामना करना पड़ा लेकिन स्थानीय लोगों एवं वन महकमे के प्रयासों से हालत काबू में है। उन्होंने कहा कि बारिश होने से काफी राहत मिली है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वनाग्नि जैसी स्थितियों से निपटने के लिए तथा ऐसी घटनाएं दोबारा न हो, इसके लिए फायर लाइन बनाए जाने पर कार्य किया जा रहा है तथा पूरे साल का प्लान तैयार किया जा रहा है। वनाग्नि की चपेट में आकर अपनी जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति उन्होंने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की तथा कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों इसके लिए ठोस प्लान बनाया जा रहा है तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने कल्याणिका डोल आश्रम के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में प्रतिभा किया।

## पेज एक का शेष...

**हाईकोर्ट स्थानांतरण से ...**बार एसोसिएशन ने उच्च न्यायालय के नैनीताल से बाहर प्रस्तावित स्थानांतरण के विरूद्ध उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दाखिल की थी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पीएस नरसिम्हां व जस्टिस संजय करोल की खंडपीठ में उत्तराखंड हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की एसएलपी पर सुनवाई हुई। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से मामले में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता पीवीएस सुरेश बहस ने की। दिल्ली पहुंचे हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश रावत, महासचिव सौरभ अधिकारी व अधिवक्ता कार्तिकेय हरिगुप्ता ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट से हाईकोर्ट शिफ्टिंग मामले में पारित आदेश पर स्थगनादेश मिल गया है। दरअसल आठ मई को हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने हाई कोर्ट को नैनीताल से अन्यत्र शिफ्ट करने के मामले में अहम आदेश पारित किया था। जिसमें हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को शिफ्टिंग मामले में अधिवक्ताओं व वादकारियों से राय लेने के लिए पोर्टल बनाने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने कहा था कि यदि शिफ्टिंग का समर्थन करते हैं तो वे 'हां' और विरोध करते हैं तो 'नहीं' आनलाइन प्राथमिकता बता सकते हैं। नैनीताल से स्थानांतरित करने की मुख्य वजह वनों की रक्षा के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश को बताया गया था। कोर्ट ने मुख्य सचिव को पूरी प्रक्रिया एक महीने के भीतर पूरी करते हुए सात जून तक अपनी रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। रजिस्ट्रार जनरल को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था कि कि अपनी प्राथमिकता व्यक्त करने में रुचि रखने वाले अधिवक्ता और वादी 31 मई तक अपने विकल्प का प्रयोग करेंगे और यह तिथि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। रजिस्ट्रार जनरल की अध्यक्षता में एक समिति भी गठित करने को कहा गया, जिसमें विधायी और संसदीय मामलों के प्रमुख सचिव, प्रमुख सचिव (गृह), दो वरिष्ठ अधिवक्ता, उत्तराखंड बार काउंसिल से एक सदस्य, इसके अध्यक्ष द्वारा नामित और बार काउंसिल ऑफ इंडिया से एक अन्य सदस्य होंगे।कमेटी को सात जून तक सीलबंद लिफाफे में अपनी रिपोर्ट सौंपनी है।

**दूसरे दिन भी जांच में ...**मार्ट के साथ ही उनके घर और पुत्र रौनिक नारंग एवं पार्टनर सौरभ गावा के मॉडल कालोनी स्थित विनायक प्लाई के कारपोरेट ऑफिस , सौरभ गावा के एलायंस कालोनी स्थित घर मे एक साथ छापेमारी की। टीमों ने फर्नीचर मार्ट में गुलशन नारंग से दुकान के स्टॉक, बैंक खातों का ब्योरा, खरीद बिक्री के रिकार्ड लेने के साथ ही कारोबार के संबंध में पूछताछ की। गुलशन नारंग से टीम ने उनकी पत्नी और बेटे विकास के नाम संचालित विनायक ट्रांसपोर्ट कंपनी के बारे में जानकारी ली। जांच की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। छापेमारी के दौरान पुलिस फोर्स ने किसी को अंदर नहीं जाने दिया। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग की टीम तमाम दस्तावेजों को खंगाल रही है। तीनों जगहों से काफी दस्तावेज अब तक कब्जे में लिए जा चुके हैं जिनके बारे में जांच की की जा रही है। इसके अलावा कारोबारियों और उनके परिवार के बैंक खातों के अलावा फर्मों के बैंक खातों व लेनदेन का भी ब्योरा लिया जा रहा है। बताया जाता है कि आयकर विभाग की टीम गुलशन नारंग के पुत्र विकास नारंग की ट्रांसपोर्ट कंपनी की जांच के सिलसिले में आई थी। बाद में टीम ने नारंग परिवार की अन्य संपत्तियों की भी जांच शुरू कर दी। आयकर विभाग की टीम विकास नारंग का इंतजार कर रही है। बताया जा रहा है कि विकास नारंग का फोन कल से ही बंद आ रहा है। समाचार लिखे जाने तक तीनों स्थानों पर आयकर विभाग की टीम जमी हुई थी।

**इनकम टैक्स की छापेमारी...**लोगों ने उत्पीड़न बंद नहीं होने पर अनिश्चित कालीन बाजार बंद करने की चेतावनी भी दी। व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि व्यापार मंडल की टीम के सर्वे का विरोध नहीं कर रही परंतु जिस प्रकार से कल प्रातः काल से आज दोपहर तक व्यापारी नारंग, उनके परिवार की महिलाओं व बुजुर्गजनों का सर्वे के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है व्यापार मंडल इसका कड़ा विरोध करता है। उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान महिलाओं व बुजुर्गों को घर से बाहर भी नही आने नहीं दिया गया। जबकि उनका कारोबार से कोई सम्बंध नहीं है। जुनेजा ने कहा कि आयकर टीम द्वारा बार बार यह कहा जा रहा है कि सर्वे का कार्य शीघ्र समाप्त हो जायेगा तो इसके बाद भी परिजनों को बंधक बनाकर रखने का क्या औचित्य है? कहा कि कल से अभी तक आयकर विभाग की टीम को छापेमारी में नारंग परिवार के प्रतिष्ठानों से नगदी के रूप में मात्र 580 रूपये बरामद हुये। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश ही नही बल्कि पूरे देश में व्यापारियों का सिर्फ उत्पीड़न किया जा रहा है। कभी जीएसटी के नाम पर तो कभी आयकर के नाम पर व्यापारियों को प्रताड़ना दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कल से आयकर विभाग की टीम ने नारंग परिवार को बंधक बना रखा हैं जिससे व्यापारियों में दहशत का माहौल है। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग की टीम का सभी व्यापारी स्वेच्छा से विरोध कर रहे है और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारी उत्पीड़न के खिलाफ अगर बाजार अनिश्चित कालीन भी बंद करना पड़े तो इसके लिए सामूहिक निर्णय लिया जायेगा। इस दौरान हरीश अरोरा, राजकुमार सीकरी, अनिल चौहान, धीरेन्द्र मिश्रा, मनोज मदान, संदीप चीमा, सोनू अनेजा, प्रमोद शर्मा, मनीष गोस्वामी, मंजीत सिंह, सुशील गाबा, जिम्मी बांगा, मानस जुनेजा, समरवीर सिंह, अंशुल अग्रवाल, नमित शर्मा, कपिल वर्मा, विशाल छावड़ा, शेरी चौहान, गगनदीप सिंह, दीपक तनेजा, राहुल सरीन, शेगेश चारैहान, मयंक माटा, पारस अरोरा सहित कई व्यापारी मौजूद थे।

**बंधक नहीं बनाया...**को अपना पूरा सहयोग कर रहे हैं। श्री अरोरा ने कहा कि वह आयकर विभाग की टीम से भी किसी भी प्रकार का उत्पीड़न न किये जाने की बात कह चुके है। श्री अरोरा ने बताया कि आयकर विभाग द्वारा आवश्यक कागजात और जानकारी जुटाई जा रही है। श्री अरोरा ने कहा कि वह हमेशा व्यापारियों के साथ खड़े है और उनका किसी भी प्रकार से अनावश्यक उत्पीड़न नही होने दिया जायेगा।

**रौनिक के पार्टनर सौरभ...**कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सौरभ गाबा के परिजनों के आने पर मकान में मौजूद आवश्यक दस्तावेजों की जांच की जायेगी। बताया जाता है कि श्री गाबा परिवार सहित श्री बालाजी दरबार मेंहदीपुर दर्शन के लिए गये हुए हैं।

**बैंक में रखा सोना...**बतायी गयी। दाम पूछने पर विवेक चौधरी ने बताया कि 6,51,00 रूपये देने होंगे। जिसके बाद 7 मई को ब्रान्च के मैनेजर के आग्रह पर गजेन्द्र सिंह को 3,50,000 रुपये जमा किये । 1,61,000 रूपये नकद गजेन्द्र सिंह को दिये तथा 9 मई को 1,40,000 रूपये नकद गजेन्द्र सिंह को दिये। कुल रकम 6,51,000 रुपये उसके द्वारा गजेन्द्र सिंह को दी गयी और उसे जो सोना 111.8 ग्राम गजेन्द्र सिंह से मूथूट फीन कप आवास विकास रुद्रपुर के जरिये प्राप्त हुआ है । मूथूटफीन कप ब्रान्च के मैनेजर ने जो गुणवत्ता बतायी थी । उसके अनुसार उक्त सोने की गुणवत्ता कम है । उसे 5,00,000/- रुपये का नुकसान हो रहा है। उसका कहना है कि ब्रान्च मैनेजर विवेक चौधरी तथा गजेन्द्र सिंह की मिलीभगत तथा सोची समझी साजिश के तहत उसके साथ धोखाधडी हुई है । पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# व्यापार मंडल अध्यक्ष पद पर दावेदारों में जुबानी जंग तेज

## उजाड़े व्यापारियों को बचाने में नाकाम रहा नगर व्यापार मंडल: सिंधी
## अपने हित मे लगे रहे नगर व्यापार मण्डल पदाधिकारी: दानिश अहमद

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर व्यापार मंडल के चुनावों को लेकर सर गर्मियां तेज होने लगी है। व्यापार मंडल पद पर अध्यक्ष की दावेदारी को लेकर अब दावेदार खुलकर सामने आने लग गए हैं तथा विभिन्न प्रकार के दावे पेश कर रहे हैं। इस बार के नगर व्यापार मंडल के चुनाव में प्रमुख मुद्दा हल्द्वानी रोड पर से बेरोजगार किए गए व्यापारियों को लेकर गरमा रहा है। अभी से नगर व्यापार मंडल पद के अध्यक्ष पद के दावेदार अब वर्तमान की कार्यकारिणी पर हल्द्वानी रोड से उजड़े व्यापारियों के हित में कार्य न करने का आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। अध्यक्ष पद पर दावेदारी कर रहे सभी दावेदारों का अप्रत्यक्ष रूप से वर्तमान की कार्यकारिणी पर यह आरोप लगाया जा रहा है कि हल्द्वानी रोड पर बसे व्यापारियों को उन्हें बसाने या उन्हें उजड़ने के लिए रोकने हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया जबकि रुद्रपुर में उजाड़े गए व्यापारियों को बसाने के लिए वेंडिंग जोन का सृजन कर व्यापारियों ने सकारात्मक





भूमिका निभाई जबकि किच्छा के प्रकरण में वर्तमान की नगर मंडल इकाई द्वारा कोई पहल नहीं की गई। बहरहाल आरोप प्रत्यारोपों के बीच में व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष पद पर दावेदारों की एक लंबी फेहरिस्त सामने आ रही है जिसमे अध्यक्ष पद की दावेदारी के लिए जाने-माने नेता गुलशन सिंधी, वर्तमान प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर महामंत्री विजय अरोड़ा, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री कांग्रेस उपाध्यक्ष दानिश इकबाल अहमद प्रमुख रूप से अपने दावेदारी पेश कर चुके हैं। कांग्रेसी नेता गुलशन सिंधी पूर्व में भी प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ चुके हैं जो कि बहुत कम अंतर से हारे थे। उनका कहना है कि हल्द्वानी रोड पर बसे व्यापारियों को उजड़ने से बचाने एवं बसाने के लिए वर्तमान की इकाई द्वारा कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। उन्होंने दावा किया है कि वह व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष बनते हैं तो पूर्व की भांति व्यापारियों के हित के कार्य करते रहेंगे तथा उजाड़े गए व्यापारियों को बसाने के लिए भरसक प्रयास करेंगे। दानिश इकबाल का कहना है कि उनके द्वारा जिला कार्यकारी में रहते हुए व्यापारियों के हित हेतु कार्य करते रहे हैं उन्होंने भी आरोप लगाया कि वर्तमान की नगर कार्यकारिणी ने अपने आपको बचाने के लिए प्रयास किया। हल्द्वानी रोड पर से उजाड़े गये व्यवसाईयों के लिए कोई कार्य नहीं किया जिसके लिए उनके द्वारा भरसक प्रयास किए गए तथा कोशिश की गई कि उजाड़े गए व्यापारियों को बसाने हेतु व्यवस्था की जाए जिसके लिए शासन प्रशासन ने भी प्रयास किया किंतु यह प्रयास नगर की राजनीति के भेंट चढ़ गया। उनका प्रयास अभी भी जारी है यदि वह व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष बनाए जाते हैं तो उजड़े व्यापारियों को बचाने के लिए रुद्रपुर की तर्ज पर स्थान चिन्हित कर बसाए जाने हेतु प्रयास किए जाएंगे।

## नगर व्यापार मण्डल ने न्यायालय में की पैरवी : विजय

किच्छा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर महामंत्री विजय अरोड़ा ने व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष पद पर अपनी दावेदारी पेश करते हुए कहा है कि जो लोग नगर व्यापार मंडल की इकाई पर हल्द्वानी रोड पर उजाडे गए व्यापारियों के हित में कार्य न करने का आरोप लगा रहे हैं यह आरोप सरासर गलत हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा ही माननीय उच्च न्यायालय में एफिडेविट लगाकर हल्द्वानी रोड सहित नगर के व्यापारियों की पैरवी की गई है किंतु माननीय उच्च न्यायालय द्वारा व्यापारियों से भूमि संबंधी अभिलेख मांगे गए थे जिन-जिन व्यापारियों ने भूमि अभिलेख उपलब्ध कराए उनको संबंधित विभाग द्वारा चिन्हित कर निशान लगाकर अतिक्रमण क्षेत्र खाली करने को कहा गया था जो कि कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी रोड



के व्यापारियों में भूमि को लेकर असमंजस बना रहा एक ओर रेलवे विभाग की भूमि थी तो दूसरी ओर लोक निर्माण विभाग की भूमि आ रही थी। जिन व्यवसाईयों को हटाया गया वे लोग ना तो रेलवे से और ना लोक निर्माण विभाग से दिए गए कागज पेश कर पाए। जिस वजह से हल्द्वानी रोड के व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा व्यापारियों को बसाने हेतु वेंडिंग जोन का प्रस्ताव लाया गया था जिसे शासन प्रशासन ने स्वीकार भी किया था तथा वेंडिंग जोन हेतु भूमि चयन करने की कार्यवाही भी की गई थी किंतु कुछ लोगों द्वारा विरोध किए जाने से प्रकरण में ढिलाई आ गई। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास अब भी जारी है कि हल्द्वानी रोड से उजाड़ेंगए व्यापारियों को पुन: बसाया जाए इसके लिए अध्यक्ष बने या ना बने अपना प्रयास जारी रखेंगे।

# पति के सिर पर तवे से हमला कर मौत के घाट उतारा

## मृतक के पिता बोले: बहू के पास एक युवक का फोन आने को लेकर हुआ था विवाद

बाजपुर। बाजपुर में मोहल्ला सुभाषनगर में दंपती के बीच विवाद हुआ। नाराज पत्नी ने तवे और लकड़ी की फंटी से हमला कर पति की जान ले ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर



आरोपी पत्नी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात शहर के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी चंद्रप्रकाश और उसकी पत्नी कंचन के बीच किसी बात पर विवाद हो गया। नाराज कंचन ने तवे और लकड़ी की फंटी से चंद्रप्रकाश के सिर पर पर हमला कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई। बृहस्पतिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे उसने अपने ससुर शंकर से कहा कि पति को कुछ हो या है। परिजनों ने जाकर देखा तो चंद्रप्रकाश के नाक और सिर से खून बह रहा था। सूचना पर कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई विनोद फर्त्याल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ अन्न राम आर्या ने बताया कि शंकर की तहरीर पर आरोपी पत्नी कंचन के खिलाफ धारा 302 के तहत केस दर्ज कर जांच एसएसआई विनोद फर्त्याल को सौंपी गई है। इधर देर शाम चंद्रप्रकाश का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात शहर के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी चंद्रप्रकाश और उसकी पत्नी कंचन के बीच किसी बात पर विवाद हो गया। नाराज कंचन ने तवे और लकड़ी की फंटी से चंद्रप्रकाश के सिर पर पर हमला कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई। बृहस्पतिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे उसने अपने ससुर शंकर से कहा कि पति को कुछ हो या है। परिजनों ने जाकर देखा तो चंद्रप्रकाश के नाक और सिर से खून बह रहा था। सूचना पर कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई विनोद फर्त्याल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता शंकर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहू के पास एक युवक का फोन आता है। चंद्रप्रकाश को इसका पता चल गया था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद रहता था। चंद्रप्रकाश नशे का आदी भी था। पूछताछ में कंचन ने चंद्रप्रकाश के नशे करने और आए दिन मारपीट करने की बात कही। मृतक के पास के कमरे में एक मूक बधिर परिवार रहता था। जिससे विवाद के शोरगुल का पता नहीं चल सका। बताते हैं कि हमला के दौरान मौत के बाद महिला ने चंद्रप्रकाश को बैड पर लिटा दिया था। बृहस्पतिवार सुबह बैड पर ही मृत अवस्था में मिला। कोतवाल ने बताया कि आरोपी कंचन से पूछताछ की जा रही है। क्षेत्र में 24 दिनों के भीतर दो पतियों की पत्नी के हाथों हत्या हो चुकी है। इससे पहले 30 अप्रैल को गांव जोगीपुरा निवासी एक व्यक्ति को उसकी पत्नी ने लोहे की रॉड से हमला कर जान ले ली थी। 23 मई को मोहल्ला सुभाषनगर में एक पत्नी ने ही अपने पति चंद्रप्रकाश की हत्या कर दी गई।

## करंट लगने से युवक झुलसा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: ट्रांजिट कैम्प में घर में इन्वर्टर लगा रहा एक युवक करंट की चपेट में आकर झुलस गया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये। जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैम्प निवासी 26 वर्षीय बॉबी भारद्वाज पुत्र रवि आज प्रात: घर में इन्वर्टर लगा रहा था। इसी दौरान अचानक वह करंट की चपेट में आकर झुलस गया। चीख पुकार की आवाज सुनकर परिजनोंके साथ आस पड़ोस के लोग भी वहां आ गये। बॉबी को उपचार के लिए तुरंत जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत में सुधार बताया है।

## हाइड्रा की चपेट में आने से फैक्ट्री के डिप्टी मैनेजर की मौत

सितारगंज(उद संवाददाता)। औद्योगिक पार्क की एक कंपनी में ड्यूटी के दौरान हाइड्रा मशीन की चपेट में आने से डिप्टी मैनेजर की मौत हो गई। इससे कंपनी परिसर में हड़कंप मच गया। मृतक अल्मोड़ा जिले के रहने वाले थे। जो सिडकुल बाईपास चंद कालोनी वार्ड तीन में परिवार सहित रहते थे। अल्मोड़ा जिले के खांकर, शहरफाटक निवासी 54 वर्षीय भैरव दत्त मेलकानी पुत्र जयदत्त मेलकानी सिडकुल स्थित गाजियाबाद प्रीसीशन प्रा. लि. कंपनी में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार को वह ड्यूटी पर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान कंपनी में हाइड्रा मशीन का एक बड़ा हिस्सा टूटने से भैरव दत्त मेलकानी चपेट में आ गए थे। हादसे में मेलकानी के चोट लगने की बात भी बताई जा रही है। रुद्रपुर के निजी अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। सिडकुल चौकी इंचार्ज प्रकाश भट्ट ने बताया कि गाजियाबाद प्रीसीशन प्रा. लि. कंपनी में एचआर डिपार्टमेंट के हिमांशु कुमार और सचिन मंडल ने भैरव दत्त मेलकानी की फैक्ट्री परिसर में मृत्यु की सूचना दी है।

## परिवहन विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरटीओ के निर्देश पर पविहन विभाग की टीम ने वाहनों की वृहद चेकिंग का अभियान चलाया। इस दौरान 14 चालान काटे गये साथ ही अनियमिततायें मिलने पर 4 वाहन जब्त किए। 6 मामलों में वाहन में परिवर्तन और 2 मामलों में फिटनेस से संबंधित उल्लंघन पाये गये । चेकिंग के दौरान टायर, रिफ्लेक्टर्स, अंडर रन प्रोटेक्शन और अधिक ऊंचाई अनुपालन सहित विभिन्न मापदंडों की जांच भी की। चेकिंग के दौरान पाया गया कि एक माल वाहन को रासायनिक टैंकर में बदल दिया गया था, जिसे जब्त कर हिरासत में लिया गया।

